# कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास विभाग)

जिला–गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही(छ.ग.) Email ID : wcd.gpm@gmail.com

–: विज्ञापन :–

क्र./1523/मबावि/हब/2025–26 गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही, दिनांक 19/12/2025

**मिशन शक्ति अंतर्गत जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र (Hub for Empowerment of women) के संचालन हेतु स्वीकृत संविदा पदों में नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना **"मिशन शक्ति"** की शुरूआत की है। मिशन शक्ति के अंतर्गत जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही(छ0ग0) में महिला सशक्तिकरण केन्द्र हब (DHEW) स्थापित किया गया है। मिशन शक्ति के दिशा निर्देशों के अनुसार जिले में 03 संविदा पदों की पूर्ति हेतु स्वीकृति प्राप्त है। उक्त योजना अंतर्गत संविदा पर निम्नानुसार पदों पर भर्ती के लिए पात्र आवेदकों से **दिनांक 22.12.2025 से दिनांक 05.01.2026 समय सायं 05:30** तक केवल **रजिस्टर्ड डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम** से आवेदन आमंत्रित है। पदों एवं आवेदन प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र0 | पदनाम | स्वीकृत पदों की संख्या | | | वेतन मैट्रिक्स लेवल | निर्धारित एकमुश्त/संविदा मासिक वेतन | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | ST | योग | | | |
| 1 | जिला मिशन समन्वयक | 01 | 0 | 01 | 10 | 31450 | संविदा |
| 2 | जेन्डर विशेषज्ञ | 01 | 01 | 02 | 8 | 25780 | संविदा |

**चयन हेतु आवश्यक शर्तें :–**

**01.आयु सीमा :–**

- जिला मिशन समन्वयक तथा जेण्डर विशेषज्ञ, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण विशेषज्ञ हेतु अभ्यर्थी की आयु 01.01.2025 को 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। इसके अतिरिक्त छ0ग0 के स्थानीय निवासी को आयु सीमा में छूट के संबंध में राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप छूट की पात्रता होगी किन्तु सभी छूटों को मिलाकर अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष से अधिक नहीं होगी।
- आयु के सत्यापन/समर्थन हेतु जन्म प्रमाण–पत्र या 8 वीं, 10वीं की अंक सूची जिसमें जन्म तिथि अंकित हो, के आधार पर किया जावेगा। दस्तावेज सत्यापन के समय मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित प्रति लाना अनिवार्य होगा।
- जिला मिशन समन्वयक तथा जेण्डर विशेषज्ञ के पद हेतु छ0ग0 राज्य का निवासी होना अनिवार्य नहीं है। किन्तु छ0ग0 राज्य के निवासियों के आवेदन करने पर उन्हें

Scanned with OKEN Scanner

प्राथमिकता दी जाएगी, इस हेतु मेरिट निर्धारण में अंकीय प्रणाली में छ0ग0 के स्थानीय निवासियों को, इन पदों हेतु 02 अंक बोनस अंक दिया जाएगा।

- आरक्षित वर्ग हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- कोई भी उम्मीदवार, जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु सीमा के पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा/होगी। चयन होने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी को रू0 50/– के स्टॉम्प पेपर पर नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित तत्संबंधी शपथ–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नी जीवित हो, पात्र नहीं होगा/होगी। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है। अर्थात् यदि शासन का इस बात से सामधान हो जाये कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।
- आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावे। आवेदन पत्र के साथ वांछित प्रमाण–पत्र एवं अंकसूची व अन्य दस्तावेज राजपत्रित अधिकारी/स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित/सत्यापित होना चाहिए।
- अनुभव के संबंध में अभ्यर्थी को संबंधित संस्था के नियोक्ता द्वारा जारी पूर्णकालिक कार्यानुभव राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित/सत्यापित अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा। अनुभव प्रमाण–पत्र की प्रामाणिकता का परीक्षण अनिवार्यतः किया जावे।
- आवेदक द्वारा आवेदन में दिए गए अनुभव को मान्य करने के संबंध में नियुक्ति अधिकारी (जिला कलेक्टर) का निर्णय ही अंतिम होगा।
- किसी भी प्रकार का स्वैच्छिक सेवा का प्रमाण–पत्र अनुभव के रूप में मान्य नहीं किया जावेगा।
- शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपने आवेदन पत्र को नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण–पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा।
  **(टीप :– अनुभव प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थियों को अनुभव प्रमाण पत्र के परीक्षण हेतु प्राप्त मानदेय/वेतन का बैंक स्टेटमेंट/पे स्लिप वाउचर इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर चयन समिति द्वारा अनुभव को अमान्य किये जाने का निर्णय लिया गया है।)**
- अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवारों को पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी एवं ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जावेंगे। निर्धारित योग्यता ना रखने वाले उम्मीदवार कृपया आवेदन ना करें।
- प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन देना होगा। लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिये आवेदन किया जा रहा है, स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है। लिफाफे के ऊपर व आवेदन पत्र में प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पूर्ण पता (ई–मेल एड्रेस एवं मोबाईल नंबर सहित) आवश्यक रूप से अंकित होना चाहिए।

Scanned with OKEN Scanner

- आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर ले तथा विज्ञापित पद के लिये निर्धारित अर्हता एवं शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भेंजे। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर उनका आवेदन पत्र निरस्त कर उनकी उम्मीदवारी समाप्त की जा सकेगी।

**आवेदनों के मूल्यांकन हेतु अंकीय प्रणाली में निम्नानुसार अंक रखे जायेंगे :–**

- वांछित न्यूनतम शैक्षणित योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का **Weightage** देते हुए अधिकतम 60 अंक।
- न्यूनतम अनुभव के पश्चात् प्रत्येक अतिरिक्त वर्ष के अनुभव के लिए 02 अंक दिये जायेंगे, अधिकतम 18 अंक।
- जिला मिशन समन्वयक तथा जेण्डर विशेषज्ञ पद हेतु छ0ग0 राज्य का निवासी आवेदकों को 02 बोनस अंक दिए जाएंगे।
- उपरोक्त तीनों बिंदुओं के आधार पर कुल 80 अंक के आधार पर मैरिट तैयार की जाएगी।
- वॉक इन इन्टव्यू/कौशल परीक्षा हेतु 20 अंक निर्धारित रहेंगे। जिन पदों पर दोनों रखा जानां है वहां दोनों में 10–10 अंक होंगे।
- वॉक इन इन्टव्यू/कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित किए जाने निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक के मेरिट आधार पर रिक्त पदों के प्रवर्गवार 1 अनुपात 15 के मान से उम्मीदवारों को प्रायोगिक/कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जावेगा।
- अभ्यर्थियों के चयन मेरिट सूची के समान अंक होने की दशा में उम्र में वरिष्ठता के आधार पर चयन में वरीयता दी जावेगी।
- इन कर्मियों को अवकाश सुविधा राज्य में प्रचलित छ0ग0 सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियुक्ति 2012 यथा संशोधित में संविदा कर्मियों को देय सुविधा के अनुसार दिया जावेगा। विशेष परिस्थितियों पर आवश्यकता होने पर कही यात्रा में भेजे जाने पर अथवा प्रशिक्षण पर भेजे जाने की दशा में यथोचित स्वीकृति के उपरांत समकक्ष पद के अनुरूप यात्रा भत्ता देय होगा।

**चयन हेतु आर्हताएं, मापदण्ड एवं अन्य शर्तें :–**

भारत शासन द्वारा मिशन शिक्ति के अंतर्गत दिए गए मार्गदर्शी निर्देश में चयन हेतु उल्लेखित न्यूनतम आर्हता में राज्य की आवश्यकताओं के आलोक में राज्य एवं जिले के लिए वित्तीय मापदण्डों को भी ध्यान में रखते हुए अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, अनिवार्य कौशल, अनिवार्य अनुभव एवं वांछित अतिरिक्त योग्यता एवं अन्य शर्तों का निम्नानुसार निर्धारण किया गया है :–

Scanned with OKEN Scanner

जिला स्तरीय (DHEW) हेतु शैक्षणिक अनिवार्य कौशल, अनिवार्य अनुभव :–

| क्र0 | पदनाम | अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | अनिवार्य कौशल | अनिवार्य न्यूनतम अनुभव | वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **जिला मिशन समन्वयक** | समाजशास्त्र/जीवन विज्ञान/पोषण/स्वास्थ्य प्रबंधक/समाज कार्य/ग्रामीण प्रबंधन में स्नातक डिग्री (बी.ए. समाजशास्त्र/समाजिक कार्य, बी.एस.डब्लू, बी.एस.सी. क्लिनिकल एंड न्युट्रिशियन, बी.एस.सी. फूड एंड न्युट्रिशियन, बी.एस. न्यूट्रिशियन एंड डाइटैटिक्स, बी.ए. पब्लिक हेल्थ बी.बी.ए. रूरल मैनेजमेंट, एम.बी.बी.एस., बी.ए.एस.एस., बी.एच.एम.एस. आदि) | कम्प्यूटर का अच्छा ज्ञान एवं एम.एस. ऑफिस में कार्य करने की क्षमता | • संबंधित क्षेत्र का शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्थाओं में कम से कम 03 वर्षों का अनुभव<br>• कम से कम 03 वर्ष का महिलाओं के मुद्दों का अनुभव | • स्नात्कोत्तर डिग्री धारक को प्राथमिकता ।<br>• अंग्रेजी भाषा में कम्प्यूटर में कार्य करने का अनुभव |
| 2 | **जेन्डर विशेषज्ञ** | समाजिक कार्य/अन्य सामाजिक क्षेत्रों में स्नातक डिग्री। | कम्प्यूटर का अच्छा ज्ञान जिसमें एम.एस. ऑफिस एवं कम्प्यूटर टाईपिंग अनिवार्य में कार्य करने की क्षमता | • जेण्डर से संबंधित कार्यों का शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कम से कम 03 वर्षों का अनुभव<br>• कम से कम 03 वर्ष का महिलाओं के मुद्दों का अनुभव | • स्नात्कोत्तर डिग्री धारक को प्राथमिकता।<br>• अंग्रेजी भाषा में कम्प्यूटर में कार्य करने का अनुभव |

**नियुक्ति की अवधि :–**

- इन समस्त पदों पर प्रथम बार में संविदा/एकमुश्त वेतन पर अधिकतम 01 वर्ष की अवधि हेतु योग्य अभ्यर्थियों का चयन/नियुक्ति किया जाएगा तथा तद्पश्चात् कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा/सेवा अवधि प्रत्येक बार 01 वर्ष के लिए जिला कलेक्टर द्वारा बढ़ाने का निर्णय लिया जा सकिगा अन्यथा नियुक्ति की अवधि समाप्ति पर नियुक्ति स्वमेव समाप्त मानी जाएगी।
- चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बताये भी समाप्त की जा सकती है। संविदा सेवा अवधि के दौरान दोनों पक्ष मे से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।
- इन पदों की अवधि भारत शासन द्वारा योजना संचालन की अवधि तक ही सीमित होगी एवं तदोपरांत पद समाप्त कर दिये जायेंगे। पद समाप्ति के उपरांत इन पदों पर कार्यरत कर्मियों की विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

Scanned with OKEN Scanner

- आवेदन पत्र दिनांक 05/01/2026 तक कार्यालयीन समय 05:30 बजे तक जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही(छ0ग0) में प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन केवल रजिस्टर्ड डॉक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित आवेदनों को ही स्वीकार किये जावेंगे।

आवेदन प्रपत्र एवं विवरण जिले की वेबसाईट **www. https://gaurela-pendra-marwahi.cg.gov.in** पर उपलब्ध है :–

आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरे हुए निम्न पते पर प्रेषित किये जावें :–

- कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी
  महिला एवं बाल विकास विभाग
  जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पास पेण्ड्रा,
  जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही (छ0ग0)
  पिन कोड – 495119
  पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार होंगे।
- आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 05/01/2026 तक समय शाम 5.30 बजे तक कार्यालय में प्राप्त होना चाहिए। प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

**श्री अमित बेक**
**डिप्टी कलेक्टर**
**जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही**

**(अमित सिन्हा)**
**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
**महिला एवं बाल विकास विभाग**
**जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही(छ0ग0)**

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास विभाग**
**जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही**

**जिला कोषालय अधिकारी**
**जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही**

**उप संचालक रोजगार**
**जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही**

**परियोजना अधिकारी**
**एकीकृत बाल विकास परियोजना**
**गौरेला**

Scanned with OKEN Scanner

# संविदा पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

| आवेदक का स्वहस्ताक्षरित नवीनतम, पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो |
|---|

प्रति,

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला – गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही (छ0ग0)

1. आवेदित पद का नाम :– ..............................................................

2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ..............................................................

   (अंग्रेजी में) :– ..............................................................

3. पिता/पति का नाम :– ..............................................................

4. स्थायी पता :– ..............................................................

   ..............................................................

5. पत्र व्यवहार का पता :– ..............................................................

   ..............................................................

   दूरभाष/मोबाईल.................................... ई मेल आईडी ....................................

6. जन्मतिथि (अंको में) :– ..............................................................

   (शब्दों में) :– ..............................................................

7. दिनांक 01.01.2025 को आयु :– वर्ष............................माह......................दिन...............

8. लिंग पुरूष/महिला :– ..............................................................

9. जाति/वर्ग (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./सामान्य) जाति............................ वर्ग ...............

10. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है? :– ..............................

11. विवाहित/अविवाहित/विधुर/परित्यक्ता :– ..............................................................

12. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि एवं जीवित बच्चों की संख्या :– ...............

..............................................................................................................

Scanned with OKEN Scanner

13. शैक्षिणक एवं तकनीकी योग्यता :– (जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/संस्था का नाम | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. अन्य योग्यता का विवरण :– ..............................................................................

15. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :– ..............................................................................

| संस्था का नाम | पद नाम | अनुभव का विवरण कब से कब तक | वेतन एवं पद छोड़ने का कारण |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक–पृथक पत्रक में संलग्न कर सकते है।

16. अनिवार्य संलग्नकों का विवरण :–

1. जन्म तिथि हेतु 10 वीं अंकसूची/प्रमाण पत्र
2. 12 वीं अंकसूची
3. स्नातक की अंकसूची
4. स्नातकोत्तर की अंकसूची (पद अनुरूप)
5. व्यवसायिक पाठ्यक्रम का प्रमाण–पत्र (पद अनुरूप)
6. जाति प्रमाण पत्र
7. मूल निवास प्रमाण पत्र

Scanned with OKEN Scanner

8. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण–पत्र

9. पहचान पत्र/आधार कार्ड/वोटर आईडी इत्यादि

10. एक लिफाफा जिसमें स्वयं का पता लिखा व 10रू0 का डाक टिकट सहित

11. अन्य संलग्नकों का विवरण :–

1. ..................................................................

2. ..................................................................

3. ..................................................................

आवेदक के हस्ताक्षर
एवं नाम

**घोषणा पत्र**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस प्रपत्र में दिये गये समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि झूठी/असत्य पायी जाती है, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

दिनांक :– ..................................... आवेदक के हस्ताक्षर

स्थान :– .........................................

––– 000 –––

Amitri

Scanned with OKEN Scanner